एनआईसी, ओड़िशा में इंस्पायर व्याख्यान श्रृंखला

'एनआईसी ओड़िशा - इंस्पायर व्याख्यान श्रृंखला' ओड़िशा राज्य केंद्र, भुवनेश्वर द्वारा एक ऐसा अनोखा पहल है जो हमारे रचनात्मकता को बढ़ाने, चीजों और लोगों के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रदान करने और सबसे बढ़कर सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा अधिकारियों को अपने जीवन के हर पहलू को प्रेरित करता है।

इस 'ओड़िशा एनआईसी-इंस्पायर लेक्चर सीरीज' को पुनः 9 अगस्त, 2023 को एनआईसी राज्य केंद्र , भुवनेश्वर में ओड़िशा के मुख्य आयकर आयुक्त, आईआरएस, श्री कृष्ण किशोर जस्टि द्वारा दिए गए इंस्पायर व्याख्यान के साथ शुरू किया गया।

डॉ. ए.के. होता, डीडीजी एवं एसआईओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अतिथि महोदय श्री जस्टि का स्वागत



मंगल दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी डॉ. अशोक कुमार होता ने अपने स्वागत भाषण में श्री जस्टि की पारिवारिक पृष्ठभूमि और उनके पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक यात्रा की संक्षिप्त जानकारी दी।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथि महोदय के साथ वरिष्ठ अधिकारियों ने ओड़िशा एनआईसी की मासिक पत्रिका 'द एसेंडर' जुलाई-2023 संस्करण का विमोचन किया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 'द एसेंडर' के जुलाई 2023-संस्करण का विमोचन

श्री जस्टि ने अपने संबोधन में स्वयं के जीवन के कुछ घटनाओं का हवाला देते हुए बताया कि कैसे एक औसत दर्जे का छात्र सभी प्रकार की चुनौतियों का दृढ़ संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सामना करते हुए उत्कृष्ट बन सकता है।

उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के बतौर निजी सचिव अपने कार्य काल में स्पाइस जेट एयरलाइंस का पुनरुद्धार, हुड-हुड चक्रवाती तूफ़ान से विशाखापत्तनम हवाई अड्डे को पहुंची भारी क्षति तथा केवल एक सप्ताह के रिकॉर्ड समय में उड़ान सेवाओं की बहाली आदि जैसे नेतृत्व और प्रतिबद्धता के कुछ केस स्टडीज भी PPT के माध्यम से प्रस्तुत किया।

उन्होंने 2015 से 2019 के बीच आंध्र प्रदेश आर्थिक विकास बोर्ड के सीईओ (CEO) के रूप में किआ मोटर्स (KIA Moters) फॉक्सकॉन(Foxconn) गेम्सा(Gamesa) एशिया पल्प एंड पेपर (Asia Paper & pulp) आदि सहित आंध्र प्रदेश राज्य में कई हजार करोड़ रुपये का निवेश उत्पन्न करने में मिली सफलता पर अपना कार्य अनुभव भी साझा किया।

विभिन्न अवधियों के दौरान केंद्रीय शहरी विकास मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी(OSD), केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी(OSD) केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री के निजी सचिव (PS) आदि के रूप में उनकी भूमिका और उपलब्धियां काफी प्रारणदायी रहा है।

श्री जयंत कुमार मिश्र, वैज्ञानिक एफ तथा प्रमुख (प्रशिक्षण) ने सत्र का संचालन किया

अतिथि महोदय ने सभा गृह में उपस्थित कई अधिकारियों और जिलों से वीसी के जरिए शामिल हुए जिलाधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों के जिज्ञासु प्रश्नों को संबोधित करते हुए, उन्होंने "टूवाड्र्स एन अर्बन रिवोल्यूशन" “TOWARDS AN URRBAN REVOLUTION” नामक अपनी पुस्तक के बारे में चर्चा की। इसके साथ साथ जीवन में सफल होने के लिए अपने कुछ व्यक्तिगत आध्यात्मिक अनुभवों को भी साझा किया।

श्रद्धा एवं कृतज्ञता के साथ मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह प्रदान

एनआईसी के उप महानिदेशक और अतिरिक्त राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी (राज्य) डॉ. राम कृष्ण दास द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव तथा एनआईसी परिवार की ओर आभार प्रकट के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए अतिथि मोहोदय के साथ एक समूह फोटो लिया गया।